No. of Printed Pages : 2 Roll No..............

# AA-1139

## (049/050) B.Sc. Part–I (Bio/Maths-Group)

## Term End Examination , 2021-22

### FC : HINDI LANGUAGE

**Time : 3 hours]** **[Maximum Marks : 75**

**नोट–** *निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।*

**इकाई-1**

**1.** (क)अनुवाद किसे कहते हैं ? एक अच्छे अनुवादक में कौन-कौन से गुण होने चाहिए। 8

**अथवा**

पारिभाषिक शब्द किसे कहते हैं ? निम्न शब्दों के हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए–

(अ) Calculator (ब) Sale (स) Plan (द) High Court

कैलकुलेटर सेल प्लान हाई कोर्ट

(ख) ईदगाह कहानी के ''हामिद'' का चरित्र-चित्रण कीजिए। 7

**अथवा**

ईदगाह कहानी का सारांश लिखिए।

**इकाई-2**

**2.** (क)निम्न शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए– 8

(1) पूज्यनीय (2) आर्शीवाद (3) चांद (4) उज्जवल

(5) अनेकों (6) वापिस (7) अत्याधिक (8) उन्नती

**अथवा**

निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

(1) अनुराग (2) स्वामी (3) अर्थ (4) सघन

(5) आहार (6) ज्ञात (7) उधार (8) प्रशंसा

(ख) ''भारत वंदना'' कविता के रचनाकार कानर हैं ? इस कविता का भावार्थ लिखिए। 7

**अथवा**

निम्न मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए–

(1) छक्के छुड़ाना (2) अंधे की लाठी

(3) लाल-पीला होना (4) कमर कसना

(5) दिन फिरना (6) तलवार की धार पर चलना

(7) पापड़ बेलना।

**इकाई-3**

**3.** (क) देवनागरी लिपि की विशेषताएँ लिखिए। 8

**अथवा**

**[P.T.O.]**

https://www.abvvonline.com



निम्न अपठित गद्यांश का सारांश एवं शीर्षक लिखिए–

लोक कथा आधुनिक कथा से सर्वथा भिन्न होती है। लोक कथा वस्तु, रूप, शिल्प रंग, आकार इन सभी दृष्टियों से अपना एक अनोखा स्थान रखती है। लोक कथा में जीवन के सुख-दुख, रीति-रिवाज, आस्थाएं, विश्वास, परम्पराएं अभिव्यक्त होती हैं। आदिकाल से ही लोक कथा का गठबंधन मनुष्य की चेतना से चला आ रहा है। लोक कथा आधुनिक कथा की अपेक्षा जनता से अधिक जुड़ी रहती है। वह लोक शिक्षा की दृष्टि से सर्वाधिक उपयोगी सिद्ध हुई है। लोक शिक्षा उसका प्रधान उद्देश्य रहा है।

(ख) ''भोलाराम का जीव'' में निहित व्यंग्य पर प्रकाश डालिए। 7

**अथवा**

''भोलाराम का जीव'' का सारांश लिखिए।

**इकाई-4**

**4.** (क) ''कम्प्यूटर में हिन्दी के अनुप्रयोग'' पर विचार व्यक्त कीजिए। 8

**अथवा**

कम्प्यूटर किसे कहते हैं ? कम्प्यूटर का आम जीवन में क्या महत्त्व है ?

(ख) स्वामी विवेकानन्द ने शिकांगो से किसे पत्र लिखा था ? इस पत्र में किस विषय पर चर्चा की गई है ? 7

**अथवा**

स्वामी विवेकानन्द ने भारत में शिक्षा देने का क्या उपाय बताया है ?

**इकाई-5**

**5.** (क) मानक हिन्दी के स्वरूप और विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 8

**अथवा**

मानक और अमानक भाषा को उदाहरण सहित समझाइए।

(ख) आधुनिक काल की सामाजिक गतिशीलता पर प्रकाश डालिए। 7

**अथवा**

प्राचीन एवं मध्यकाल के सामाजिक गतिशीलता की तुलना कीजिए।

12,000

https://www.abvvonline.com